# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VII- 2nd Lang | Department: Hindi | Date-20/05/25 |
|---|---|---|
| Lesson-2 मिठाईवाला | Topic: - QB cum Worksheet | Class/Home work |

**अति लघु प्रश्न-**

प्रश्न 1- मिठाईवाला पहले क्या था?

उत्तर- मिठाईवाला पहले एक बड़ा व्यापारी था।

प्रश्न 2- 'अब इस बार ये पैसे न लूँगा' यह वाक्य किसने किससे कहा था?

**उत्तर**- यह वाक्य मिठाई वाले ने रोहिणी से कहा था।

प्रश्न 3- मिठाईवाला किसकी बात सुनकर भावुक हो गया था?

उत्तर- मिठाईवाला रोहिणी की बात सुनकर भावुक हो गया।

प्रश्न 4- चुन्नू-मुन्नू कौन थे?

उत्तर- चुन्नू-मुन्नू रोहिणी के बच्चे थे।

प्रश्न 5- चुन्नू और मुन्नू के पास कौन सा खिलौना था?

उत्तर: चुन्नू और मुन्नू के पास हाथी-घोड़ा वाला खिलौना था।

**लघु प्रश्न**

प्रश्न 1- मुरलीवाला कैसा दिखता था?

उत्तर- मुरलीवाला तीस-बत्तीस वर्ष का दुबला-पतला युवक था। उसका रंग गोरा था और वह बीकानेरी रंगीन साफ़ा बाँधता था।

प्रश्न 2- मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ कैसा था?

उत्तर- मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ बहुत स्नेह वाला था। बच्चे जो रंग पसंद करते थे, मुरलीवाला उसी रंग की मुरली निकाल कर दे देता था।

प्रश्न 3- मिठाईवाले के मन की व्यथा क्या थी?

उत्तर- मिठाईवाले के मन की व्यथा थी कि उसकी पत्नी व बच्चे किसी हादसे के शिकार हो गए थे, अब वह जीवन के दिन अकेले ही काट रहा था।

दीर्घउत्तरीय प्रश्न :

प्रश्न 1- मिठाईवाला अलग-अलग चीजें क्यों बेचता था और महीनों बाद क्यों आता था?

---

उत्तर- बच्चे एक ही चीज़ से उब न जाएँ इसलिए वह बच्चों के पसंद की अलग-अलग चीज़ें बेचता था। वह महीनों बाद इसलिए आता था ताकि उसकी वस्तुओं में बच्चों की उत्सुकता बनी रहे। वह पैसों के लोभ के लिए नहीं केवल अपने मन की संतुष्टि के लिए बच्चों के मनपसंद की चीज़ें बेचा करता था।

प्रश्न 2- मिठाईवाले में वे कौन-से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे और बड़े उसकी ओर खींचे चले आते थे?

उत्तर- मिठाईवाले में कई गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे,बड़े भी उसकी ओर खिंचे चले आते थे जैसे कि-i. मादक-मधुर ढंग से गाकर चीज़ें बेचना।

ii. प्रेम से सभी से बातें करना।

iii. कम दाम में चीजें बेचना।

iv. बच्चों के लिए उनकी पसंद की नई-नई चीजें लाना आदि।

प्रश्न 3- मिठाईवाला कहानी का संदेश क्या है?

उत्तर- कहानी के माध्यम से कहानीकार यह बताना चाहता है कि मनुष्य अपने दुःख के समय में भी दूसरों के प्रति अपने मन में परोपकार की भावना रखता है तो उसे मानसिक सुख और शांति प्राप्त होती है। जैसे मिठाईवाला अपनी खट्टी-मीठी गोलियाँ बेचकर बच्चों को खुश करता है और अपना पेट भी भरता है।

प्रश्न : पठित पाठ 'मिठाईवाला' के आधार पर सही विकल्प पर गोला लगाइए :

नोट: ऐसे प्रश्नों का अभ्यास करके अपनी तैयारी को और बेहतर बना सकते हैं!

1. **मिठाईवाला अलग-अलग चीजें क्यों बेचता था?**

(a) उसे व्यापार में लाभ होता था (b) वह बच्चों को खुश करना चाहता था
(c) उसे नई चीजें पसंद थीं (d) वह अपनी दुकान चलाना चाहता था
**उत्तर:** (b) वह बच्चों को खुश करना चाहता था

2. **मिठाईवाले की आवाज़ सुनकर बच्चे क्यों उत्साहित हो जाते थे?**

(a) वह मिठाई मुफ्त में देता था (b) उसकी आवाज़ बहुत मधुर थी

(c) वह बच्चों की पसंद की चीजें लाता था (d) वह कहानियाँ सुनाता था

**उत्तर:** (c) वह बच्चों की पसंद की चीजें लाता था

3. **मिठाईवाले के व्यवसाय को अपनाने का मुख्य कारण क्या था?**

(a) उसे व्यापार में रुचि थी (b) वह बच्चों से प्रेम करता था

(c) वह अपनी पुरानी यादों को ताज़ा करना चाहता था (d) वह पैसे कमाना चाहता था

**उत्तर:** (c) वह अपनी पुरानी यादों को ताज़ा करना चाहता था

4. **मिठाईवाले के व्यवहार में कौन-सा गुण प्रमुख था?**

(a) कठोरता (b) लालच (c) अपनापन और स्नेह (d) क्रोध

**उत्तर:** (c) अपनापन और स्नेह

5. **कहानी के अंत में मिठाईवाले ने पैसे लेने से क्यों मना कर दिया?**

(a) उसे पैसे की जरूरत नहीं थी

(b) वह बच्चों को मुफ्त में मिठाई देना चाहता था

(c) वह भावुक हो गया था और बच्चों की खुशी को पैसे से ऊपर मानता था

(d) उसे मिठाई बेचने में नुकसान हो रहा था

**उत्तर:** (c) वह भावुक हो गया था और बच्चों की खुशी को पैसे से ऊपर मानता था

6. मिठाईवाला कितने वर्ष का था ?

(a) 30 वर्ष का (b) 32 वर्ष का (c) 35 वर्ष का (d) 40 वर्ष का

उत्तर : (b) 32 वर्ष का

7. मिठाईवाला कैसा सफा बाँधता था ?

(a) सफेद बीकानेरी (b) रंगीन बीकानेरी (c) लाल बीकानेरी (d) काला बीकानेरी

0000000000000000000